आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

उच्चतम न्यायालय में आज नीट–यूजी परीक्षा से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई हुयी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए याचिका कर्ताओं के सभी वकीलों से यह दलील पेश करने को कहा कि वे बतायें कि नीट–यूजी परीक्षा दोबारा क्यों होनी चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से कहा कि अगर परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुयी है तो दोबारा से परीक्षा जरूरी है। कोर्ट ने केन्द्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को जवाब दाखिल करने के लिये दो दिन का समय दिया है। अब इन याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय ग्यारह जुलाई को सुनवाई करेगा।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–दो हजार चौबीस की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विद्यार्थी उत्तर कुंजी पर कल तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। एक सप्ताह के भीतर परिणाम घोषित होने की संभावना है।

****

प्रदेश के अधिकांश जिलों में रूक–रूक कर मध्यम से तेज बारिश होने तथा अलग–अलग बैराज से नदियों में पानी छोड़े जाने के चलते कई जिलों में नदियां उफान पर हैं। उत्तराखंड के बनबसा से रह–रह कर पानी छोड़े जाने से शारदा नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है। ट्रांस शारदा इलाके की कई निचली बस्तियां बाढ़ के पानी के घिर गयी हैं। भारी बरसात के चलते बीती रात पुल बह जाने से पीलीभीत से टनकपुर और मैलानी रूट पर ट्रेनों का आवागमन रोक दिया गया है। लखीमपुर खीरी जिले के पलिया क्षेत्र में भी शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से कई गांव पानी से घिर गये हैं। उधर अयोध्या में सरयू नदी भी उफान पर है नदी का जल स्तर हर घंटे एक सेंटीमीटर के रफ्तार से बढ़ रहा है। बस्ती जिले में घाघरा नदी का जल स्तर बढ़ने से कई गांव प्रभावित हुए हैं। जिले में सिंचाई विभाग के अभियंता बंधों पर कैप कर रहे हैं। कुशीनगर के खड्डा तहसील क्षेत्र मे गंडक नदी का जल स्तर बढ़ने से कई गांव में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। उधर बलरामपुर में राप्ती नदी खतरे के निशान से उपर बह रही है। इस बीच मौसम विभाग ने कल पश्चिमि और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। प्रदेश के कुछ जिलों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

****

मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान ने आज सुबह लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। आजमगढ़ और मिर्जापुर मण्डल के सांसदों और विधायकों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दोनों मण्डलों के सांसदों और विधायकों से उनके क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि विकास कार्यो की निगरानी करने के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं। उधर सेना के मध्य कमान के प्रमुख अनिन्द्य सेन गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की और उनसे सेना की तरफ से किये जा रहे नये कार्यो पर विमर्श किया।

****

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनुराग जैन को महराजगंज जिले का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। इसके पहले वह अम्बेडकर नगर जिले के मुख्य विकास अधिकारी थे। प्रार्थना ऐश्वर्या को अम्बेडकर नगर जिलें का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है।

****

राज्य सरकार पौधरोपण जन अभियान दो हजार चौबीस के अन्तर्गत पड़ोसी देश नेपाल और सीमावर्ती राज्यों से सटे प्रदेश के जिलों में मित्र वन बसायेगी। इसके लिये पैंतीस वन प्रभागों का चयन किया गया है। सीमावर्ती जिलों में पौधरोपण कार्यक्रम के लिये वन विभाग की तरफ से तैयारियां शुरू कर दी गयी है। पौधरोपण जन अभियान के तहत ही प्रदेस सरकार नौ सौ अड़तालीस विरासत वृक्षों को संरक्षित करेगी। सौ वर्ष से अधिक आयु के अट्ठाइस प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है। सर्वाधिक निन्यानबे विरासत वृक्ष वाराणसी में है जबकि प्रयागराज में इनकी सख्या तिरपन है। गोरखपुर जिले में उनतीस वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है।

****

इस्लामिक साल के पहले महीने मोहर्रम की आज से शुरुआत हो गई है। इस महीने को गम का महीना भी कहा जाता है। हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके इकहत्तर साथियों की शहादत इसी महीने में हुई थी। इस महीने को गम के तौर पर माना जाता है। उधर गोरखपुर में मोहर्रम महीने की पहली तारीख को इमामबाड़ा स्टेट के चारो फाटक खोल दिये गये और सोने चॉदी की ताजीया को भी आम लोगों के दर्शन के लिए खोल दिया गया। इमामबाड़ा स्टेट का गश्ती जूलूस मोहर्रम की तीसरी तारीख से शुरू होगा जबकि पांचवी नौवी और दसवी मोहर्रम को मियां साहब का शाही जूलूस निकाला जाएगा।

****